# ये खाटू का राजा मेरा हो गया भजन लिरिक्स

ये खाटू का राजा मेरा हो गया,

ऐ श्याम प्यारे हो सबके सहारे,
तेरा अब ये सेवक तेरा हो गया,
ऐ श्याम प्यारे हो सबके दुलारे,
तेरा अब ये सेवक तेरा हो गया,
जो कुछ भी मिला है,
इस दर से मिला है,
ये खाटु का राजा मेरा हो गया।bd।

तर्ज – ऐ फूलों की रानी।

---

मेरे सांवरे सुन तुम्हे हम मनाते,
हालात दिल के तुम्ही को सुनाते,
मैं हूँ तेरा आशिक़ रे सदियों पुराना,
तेरा दर ठिकाना मेरा हो गया,
ऐ श्याम प्यारे हो सबके सहारे,
तेरा अब ये सेवक तेरा हो गया।bd।

---

तमाशा जगत ने मेरा है बनाया,
सुनाने को बिनती ये सेवक है आया,
तेरे नाम से जो मेरा नाम जोड़ा,
सदा मुस्कुराना मेरा हो गया,
ऐ श्याम प्यारे हो सबके सहारे,
तेरा अब ये सेवक तेरा हो गया।bd।

---

मुझे वर ये दे दो मैं गुण तेरे गाऊं,
ज्योति तेरी दिल मैं सबके जगाऊँ,
तेरा दर्श पाकर ही दुनिया से जाना,
अब ‘राखी’ ये सपना मेरा हो गया,
ऐ श्याम प्यारे हो सबके सहारे,
तेरा अब ये सेवक तेरा हो गया।bd।

---

ऐ श्याम प्यारे हो सबके सहारे,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तेरा अब ये सेवक तेरा हो गया,
ऐ श्याम प्यारे हो सबके दुलारे,
तेरा अब ये सेवक तेरा हो गया,
जो कुछ भी मिला है,
इस दर से मिला है,
ये खाटू का राजा मेरा हो गया,
ये खाटु का राजा मेरा हो गया।bd।

**Singer – Rajpal Lakkha**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com